दिन—सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक— 19 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधि — 15 मिनट

---

01. कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में चिकित्सकों की हड़ताल आज भी जारी।

02. केन्द्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्यों से इस बीमारी का तत्काल पता लगाने के प्रभावी उपाय करने और इसकी निगरानी बढ़ाने को कहा।

03. सिपाही बहाली परीक्षा के तीसरे चरण में गड़बड़ी करने के आरोप में नौ अभ्यर्थी समेत तेरह जालसाज गिरफ्तार।

04. और, आज सावन की अंतिम सोमवारी है। आज ही भाई — बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन भी पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में चिकित्सकों की हड़ताल आज भी जारी है। आज भी ओपीडी और ओटी सेवाएं नहीं चलेंगी। इमरजेंसी सेवाओं को हड़ताल से बाहर रखा गया है। इधर, निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल हो गई है। इस बीच, बिहार के चिकित्सकों ने राज्य सरकार से सुरक्षा की मांग की है। बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ, भासा की बैठक में कहा गया कि यदि पच्चीस अगस्त तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती है, तो राज्यस्तरीय कार्य बहिष्कार का फैसला किया जाएगा।

---

केन्द्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्यों से इस बीमारी का तत्काल पता लगाने के प्रभावी उपाय करने और इसकी निगरानी बढ़ाने को कहा है। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ पी.के. मिश्रा की अध्यक्षता में कल एक बैठक हुई जिसमें देश में मंकीपॉक्स से निपटने की तैयारियों तथा जन स्वास्थ्य उपायों की स्थिति की समीक्षा की गई। प्रधान सचिव ने कहा कि इस बीमारी के इलाज और रोकथाम के उपायों का व्यापक स्तर पर प्रचार किया जाना चाहिए।

उन्होंने इस काम के लिए प्रयोगशालाओं का नेटवर्क बढ़ाने के भी निर्देश दिए। देश में फिलहाल मंकीपॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है और इसके व्यापक स्तर पर फैलने का खतरा भी कम है। गौरतलब है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ ने अफ्रीका के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर मंकीपॉक्स के संक्रमण को देखते हुए चौदह अगस्त को इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वास्थ्य आपदा घोषित किया था।

---

सिपाही बहाली परीक्षा के तीसरे चरण में अलग–अलग जिलों में गड़बड़ी करने के आरोप में नौ अभ्यर्थी समेत तेरह जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है। गोपालगंज में परीक्षा का पेपर उपलब्ध कराने के नाम पर परीक्षार्थियों से पचास हजार से एक लाख रुपए की ठगी कर रहे चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में गोपालगंज के बाल संरक्षण पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार पासवान भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि छापेमारी में पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पैंतीस अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड, कई प्रमाण पत्र और मोबाइल फोन जब्त किये हैं। इधर, केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती के अनुसार सभी जिलों में मौजूद पांच सौ पैंतालीस परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा के दौरान नौ अभ्यर्थी गड़बड़ी करते पकड़े गए। इनमें भागलपुर में एक और सहरसा में दो समेत तीन अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया। जबकि, पश्चिम चंपारण में एक अभ्यर्थी को दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के आरोप में निष्कासित किया गया है। ओएमआर कार्बन कॉपी लेकर भागने समेत अन्य तरह की गड़बड़ी करने के आरोप में पटना और भोजपुर से दो–दो तथा गया में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

---

केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि भारत में किसानों की आय को बढ़ाने में, राज्यों के राजस्व की वृद्धि और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बहुत सी क्षमता है। आकाशवाणी से खास बातचीत में उन्होंने अगले महीने उन्नीस सितम्बर से आयोजित होने वाले वर्ल्ड फूड इंडिया महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए यह बात कही। श्री पासवान ने कहा इस महोत्सव में देश विदेश के खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योग शामिल होंगे और इस क्षेत्र से जुड़ी नई प्रौद्योगिकी तथा नवाचार का प्रदर्शन करेंगे।

———बाईट———

इस बार हम लोग चाहते हैं कि पिछली बार से भी बडा यह आयोजन हो और जहां पर इंटरनेशनल टेक्नालॉजीज हो या इंटरनेशनल इंनोवेशन के आइडिया हों या फूड प्रोसेसिंग से जुडे हुए जितनी भी स्टेट होल्डर्स हैं। एक मंच पर आएं और एक दूसरे से कोलैबरेट करके इस इंडस्ट्रीज को आगे लेकर जाने का काम करें। इसी सोच के साथ इस बार का भी वर्ल्ड फूड इंडिया का आयोजन किया जा रहा है।

---

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो में बिहार में मदरसा के पाठ्यक्रम पर सवाल उठाया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित मदरसों के पाठ्यक्रम को तुष्टिकरण की पराकाष्ठा बताया। उन्होंने कहा कि मदरसा किसी भी तरह से बच्चों की बुनियादी शिक्षा की जगह नहीं ले सकते हैं। श्री कानूनगो ने सरकार से पूरे मामले की जांच करने और मदरसा बोर्ड को भंग करने का अनुरोध किया है। इधर, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष बी. कार्तिकेय धनजी ने कहा है कि उन्हें आयोग की तरफ से कोई भी लिखित या मौखिक सूचना प्राप्त नहीं हुयी है।

---

सुपौल के भीमनगर में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की बारहवीं और पंद्रहवीं बटालियन में ट्रेनिंग के लिए आए लगभग दो सौ पचास जवानों की तबीयत कल अचानक खराब हो गयी। वीरपुर के एसडीएम नीरज कुमार ने बताया कि दोपहर का खाना खाने के बाद प्रशिक्षु जवानों की तबीयत बिगड़ने लगी। जवानों को उल्टी और दस्त की शिकायत के बाद वीरपुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से छह प्रशिक्षु जवानों की हालत गंभीर बताई जा रही है। एसडीएम ने बताया कि प्रथम दृ ष्टया मामला फूड प्वाइजनिंग से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

---

राज्य के छह जिलों की उनतीस पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंगेर, बक्सर, सीवान, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और खगड़िया जिले की उनतीस पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं।

---

आज सावन की अंतिम सोमवारी है। आज ही सावन का पवित्र महीना भी समाप्त हो रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही

भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय और बोलबम के जयकारों से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

हमारे संवाददाता ने बताया कि मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, बक्सर के ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर, जहानाबाद के वाणावर, लखीसराय के अशोकधाम, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान और सुपौल के तिलहेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है।

———म्यूजिक———

---

भाई—बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन आज पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———म्यूजिक———

रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके अच्छे स्वास्थ्य तथा खुशहाली की कामना करती हैं। वहीं, भाई अपनी बहनों की सुरक्षा और उन्हें सहयोग का संकल्प लेते हैं और उन्हें उपहार प्रदान करते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार भाइयों और बहनों के बीच अनूठे बंधन का उत्सव है जो प्यार और आपसी विश्वास की भावनाओं को मजबूत करता है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इधर, वन विभाग रक्षाबंधन के पर्व को वृक्ष सुरक्षा दिवस के रूप में मना रहा है। इसके लिये वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर जीवन भर सुरक्षा का संकल्प लिया जा रहा है।

———म्यूजिक———

रक्षा बंधन के अवसर पर महिलाओं और छात्राओं के लिए राजधानी पटना में आज सरकारी बस की सुविधा निःशुल्क है। नगर बस सेवा में उन्हें रात साढ़े नौ बजे तक यात्रा करने पर किराया नहीं देना होगा।

---

प्रदेश में एक बार फिर मॉनसून सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चंपारण, कैमूर, रोहतास, गोपालगंज, बक्सर और सीवान जिले में एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। वहीं, राज्य के उत्तर–मध्य और पश्चिमी हिस्सों में एक–दो स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————

नवगछिया के एक होटल संचालक सह जदयू नेता नरेश मंडल ने गोपालपुर विधायक गोपाल मंडल और दो अज्ञात लोगों पर फोन पर गाली–गलौज करने और जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए परबत्ता थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

———————————————

मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के बैहरी पंचायत के बुढावे में छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर शराब तस्करों ने हमला कर दिया। इसमें एक एएसआई समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। मामले में बारह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

———————————————

सहरसा नगर थाना क्षेत्र के उचित नगर नरियार में अपराधियों ने चाकू मारकर मां और बेटी की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में शामिल दो अपराधियों को हत्या में प्रयुक्त हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————

पटना के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के महेन्द्रु रानीघाट ने अपराधियों ने कुख्यात शंकर प्रसाद की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आपसी विवाद को हत्या का कारण बताया है।

———————————————

समस्तीपुर नगर थाना क्षेत्र के थानेश्वर मंदिर के पास देर रात एक अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाईकिल सवार दम्पति को ठोकर मार दी। इस हादसे में पति की मौत हो गयी, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी।

———————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– डॉक्टर से दरिंदगी पर शीर्ष अदालत का स्वतः संज्ञान। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की पीठ कल सुनवाई करेगी।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है – सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक की आशंका में गोपालगंज के सीपीओ गिरफ्तार।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – झारखंड में राजनीतिक खेला, भाजपा में जा सकते हैं चंपाई सोरेन।

**प्रभात खबर** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – बिहटा एयरपोर्ट का निर्माण जल्द शुरू होगा, लोगों को होगी सहूलियत।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है – मंकी पॉक्स की स्थिति पर केंद्र सरकार की बनी है नजर।

**दैनिक आज** ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है –पाकिस्तान के एक सौ अट्ठासी हिंदुओं को मिली भारत की नागरिकता।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में चिकित्सकों की हड़ताल आज भी जारी।

02. केन्द्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्यों से इस बीमारी का तत्काल पता लगाने के प्रभावी उपाय करने और इसकी निगरानी बढ़ाने को कहा।

03. सिपाही बहाली परीक्षा के तीसरे चरण में गड़बड़ी करने के आरोप में नौ अभ्यर्थी समेत तेरह जालसाज गिरफ्तार।

04. और, आज सावन की अंतिम सोमवारी है। आज ही भाई – बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन भी पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।